हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

11 चौक नामकरण मामला सुलझा, महादेव दक्ष प्रजापति चौक नाम पर सहमति



12 गर्मी व हीट वेव से बचने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जारी की एडवाइजरी



# H.D. SR. SEC. SCHOOL
Salhawas (Jhajjar)

ADMISSION open 2024 - 25

## सत्र 2024-2025 की शुरूआत, अनेको उपलब्धियों के साथ

### एचडी ने मात्र 30 दिनों में लगाया उपलब्धियों का अम्बार

## 25 अप्रैल को घोषित आईआईटी जेईई मैंस में 42 विद्यार्थियों ने किया क्वालिफाई

### 24 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90 परसेंटाइल से अधिक अंक

| | |
|---|---|
| 99 %ile | Aniket (Mundsa) |
| 98.7 %ile | Vivek (Mundahera) |
| 98.5 %ile | Harsh (Jamalpur) |
| 98 %ile | Akshit (Khuddan) |
| 97 %ile | Bhumika (Babepur) |
| 96.2 %ile | Julie (Dhakla) |
| 96 %ile | Ajay (Amboli) |
| 95.5 %ile | Prikshit (Bahu) |
| 94.7 %ile | Mohit (Goria) |
| 94 %ile | Dheeraj (Bahu) |
| 93.7 %ile | Neha (Nimli) |
| 93.6 %ile | Dipti (Jhanswa) |
| 93.6 %ile | Vinay (Bahu) |
| 93 %ile | Priya (Birohar) |
| 93 %ile | Harish (Bahu) |
| 93 %ile | Sarika (Bahu) |
| 93 %ile | Parshant (Salhawas) |
| 92.6 %ile | Dishant (Ladain) |
| 91.6 %ile | Chirag(Bahu) |
| 91.6 %ile | Akash (Salhawas) |
| 91.2 %ile | Ruchika(Mokhra) |
| 91.2 %ile | Gourav (Mudahera) |
| 90.8 %ile | Rounak (Mokhra) |
| 90 %ile | Sanjana (Dharoli) |



Rank 112

ABHISHEK S/o JAI SINGH
(BIROHAR)
Roll No. 0864738

## 3 अप्रैल को घोषित एनडीए परिणाम में विद्यालय के दो छात्र चयनित, अभिषेक बिरोहड़ और रोहित सुंदरहेटी एनडीए अधिकारी बनकर करेंगे देशसेवा

अपने बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए पिछले 33 वर्षों की ऐतिहासिक सफलताओं की गाथा संजोए

एच.डी. संस्थान से जुड़िए, जहां इसकी सफलताओं का अंबार हर दिन एक नई कहानी लिखने को मजबूर करता है।

Best School for Integrated Classroom Programme for Selection in

**IIT-JEE, NEET, NDA, MNS, VVM, CUET, CLAT, CA, CS**



Rank 383

ROHIT S/o HARDEEP JAKHAR
(SUNDREHTI)
Roll No. 6345243



फिट इंडिया क्विज में विद्यालय की दो छात्राओं शीतल अंबोली और अनुज झाँसवा ने पूरे हरियाणा में पाया दूसरा स्थान। भारतीय सरकार की तरफ से इन छात्राओं को मिलेंगे 25 हजार रूपये और विद्यालय को मिलेंगे 1 लाख 15 हजार रूपये।



निखिल ढाणा और हर्ष अंबोली का इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम (युविका) 2024 में हुआ चयन।



छात्र आर्यन जाखड़ अकेहड़ी ने 67वें स्कूली नेशनल खेलों में जेवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर किया प्रदेश का नाम रोशन।



पूर्व छात्र युवराज जाखड़ भूरावास 92 किलोग्राम भार वर्ग में मुक्केबाजी में करेगा एशियाई बाक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व।



14 से21 अप्रैल तक आयोजित प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच शूटरों ने किया क्वालिफाई, अब राज्य स्तरीय शूटिंग स्पर्धा में मचाएंगे धमाल।

**Director - 9416056085 Principal - 9753456879 Reception - 8053182748**

**www.hdsalhawas.co.in | email: hdschool.salhawas@gmail.com**

## खबर संक्षेप

### कलोई गांव के खेत से सोलर प्लेट चोरी

**झज्जर**। कलोई गांव के खेत से सोलर प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कलोई गांव निवासी दिलबाग ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर प्लेट सेट लगवा रखा है। बीती 22 अप्रैल को जब वह खेतों में घूमने गया तो देखा कि सोलर सेट से तीन सोलर प्लेट गायब हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार छानबीन शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**बहादुरगढ़**। सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता हो गई। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। पुलिस को दी सूचना में एक युवक ने कहा है कि उसकी मां पुष्पा गत 22 अप्रैल को बाजार जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर तक नहीं लौटी तो उनकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सेक्टर-6 पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फसल अवशेषों को उपयोग में लाएं किसान

**झज्जर**। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के बीएओ डॉक्टर अशोक रोहिल्ला ने कहा कि क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा निरंतर किसानों को जागरूक किया जा रहा है और निगरानी भी की जा रही है। उन्होंने कहाकि यदि कोई भी व्यक्ति पराली जलाकर आदेशों का उल्लघंन करते हुए पाए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने की बजाए अपने खेतों मे मिलाए तथा अपने खेत ग्रीष्मकालीन मूंग अथवा ढैंचा की बिजाई कर खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं।

# सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। एमडीएस शिक्षा सदन में विद्यार्थियों को जागरुक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

■ एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम

गांव जसौरखेड़ी के एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को जागरुक किया। स्कूल निदेशिका कविता देशवाल, प्रिंसिपल राजबाला देशवाल व वाइस प्रिंसिपल आशा देवी ने विद्यार्थियों को या ता या त नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात समन्वयक एसआई सत्यप्रकाश ने सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध को लेकर उन्हें जानकारी दी और जरूरी सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसआई सत्यप्रकाश ने बच्चों को बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाना न केवल अपराध की श्रेणी में आता है, बल्कि जिनके नाम पर वाहन रजिस्टर्ड है, उन्हें सजा का भी प्रावधान है। सड़क पार करते समय हमेशा जेबरा क्रॉसिंग का ही प्रयोग करें। उन्होंने बच्चों को समझाया कि जिनके अभिभावक हेलमेट या सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग नहीं करते, वे बच्चे ऐसे माता-पिता को समझाएं। पेरेंट्स बच्चों की बातों पर जरूर ध्यान देंगे। रोड सेफ्टी के साथ ही बच्चों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि फोन में कोई भी अनजान लिंक ओपन न करें। अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल उठाने से बचें। अपराधी, लोगों को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। गलती से ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करने के साथ बैंक और पुलिस स्टेशन पर रिपोर्ट करें। स्कूल समन्वयक जगबीर सिंह देशवाल ने बच्चों को बताया कि लुभावने विज्ञापनों तथा लालच भरे मैसेज भेज कर साइबर अपराधी लोगों को अपना शिकार

# यूपीएससी उत्तीर्ण करने वाले होनहारों को किया सम्मानित


बहादुरगढ़। होनहार प्रतिभाओं और उनके परिजनों के साथ ब्रह्माकुमारियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ दिल की सच्चाई, सफाई और दृढ़ता से काम करने का परिणाम मिलता है बेहतर

सेक्टर-2 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उतीर्ण करने वाले पांच होनहारों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने बताया कि दिल की सच्चाई, सफाई और दृढ़ता से काम करने का परिणाम बेहतर मिलता है। हमें हर कार्य के प्रति सकारात्मक रुझान रखना है। कभी भी अपना समय व्यर्थ चिंतन और व्यर्थ वर्णन में नहीं गंवाना है। नकारात्मकता से दूर रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना है।

सेक्टर-6 निवासी शौर्य अरोड़ा ने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 14वां रैंक हासिल किया है। उनके अनुसार इस सफलता में परिवार का सहयोग, परमात्मा की असीम अनुकंपा, मेहनत, लगन और भावनात्मक साथ रहा। दीप्ति रोहिल्ला ने 39वां रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव से समाज के प्रति अपनी सेवाएं देगी। खरहर के शिवांश राठी ने 63वां स्थान हासिल किया। वे अपना हर काम सदैव शिव को याद करके करते हैं। अभिलाष सुंदरम ने 421वीं रैंक प्राप्त की। उन्होंने हर कर्म में योग को शामिल करने की सीख दी। नेहा भगासरा ने 719वीं रैंक हासिल की। उन्होंने कहा कि मंजिल पाने के लिए लगन से पढ़ाई करें। निरंतर अभ्यास करने से सफलता अवश्य ही मिलती है। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके विनीता दीदी ने कहा कि इन होनहारों ने पूरे देश में बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया है। बीके रेणु दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन कराया। बीके अमृता दीदी ने तिलक लगाकर सभी का स्वागत और सम्मान किया।

# लाइनपार में स्वच्छता के लिए किया जागरूक



बहादुरगढ़। वीरवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने लाइनपार निवासियों को पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता व स्वस्थ जीवन के लाभों के बारे में जागरूक किया। उनके अनुसार संतुलित आहार, स्वच्छता की आदतें व नशे से दूरी ही खुशहाल जीवन की कुंजी है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि नियमित सफाई की आदतें हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं और अनेक बीमारियों से बचाती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2030 तक मलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य स्वच्छता अपनाने से ही संभव है। अपने आसपास गंदा पानी जमा ना होने दें। कॉलेज की रैडक्रॉस व आऊटरीच सैल की स्वयंसेविकाओं ने सड़कों के किनारे, खाली प्लॉट, नालियों में, सीवर के गड्ढों में पानी नहीं भरने देने के लिए लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने भी स्वयंसेविकाओं के साथ आमजन को मलेरिया के लक्षणों के बारे में बताया।

# ग्रामीणों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। प्रभात फेरी को रवाना करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ सरकारी स्कूलों के प्रांगण व गांव के अन्य स्थानों पर सभाएं की गई

गांव छारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किए गए। सरकारी स्कूलों के प्रांगण व गांव के अन्य स्थानों पर सभाएं की गई। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों की ओर से भी गांव में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया।

सभाओं में ग्रामीणों को बताया गया कि किस प्रकार मलेरिया से बचाव किया जाए। लोगों को समझाया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। घबराने के बजाय जागरूक होने की जरूरत है। अपने घरों के आसपास पानी न जमा होने दें। घरों के अंदर पानी की टंकियां, बर्तन आदि ढक कर रखें। कूलर की सप्ताह में दो बार सफाई करें। रात को पूरे कपड़े पहनकर सोएं। इस दौरान डॉ. सुखदेव ने मलेरिया के लक्षणों के बारे में लोगों को बताया, साथ ही ये भी कहा कि मलेरिया के टेस्ट सरकारी अस्पताल में बिलकुल मुफ्त होते हैं और दवाइयां भी दी जाती हैं। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए गांव में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाएगा। एमपीएचएस मुकेश ने बताया कि गांव के तालाबों में गंभुजिया नामक मछलियां स्वास्थ्य विभाग की ओर से छुड़वाई जाएंगी। साथ ही गांव के लोगों को रविवार के दिन सूखा दिवस मनाने यानी कम से कम पानी इस्तेमाली करने की सलाह दी जाएगीइ। स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजीव कुमार, संदीप, ललिता, मोनिका, प्रियंका, जसवंती आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### अनाज मंडी में कम हो रही आवक

**बहादुरगढ़** । अनाज मंडी में फसल की आवक लगातार धीमी हो रही है। वीरवार को भी बहुत कम फसल मंडी में आई। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की फसल के लिए 20 टोकन जारी हुए और 254.31 क्विंटल फसल किसान लेकर आए। कुल 336 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अभी तक मंडी में कुल 17060 क्विंटल फसल खरीदी जा चुकी है और 10630.50 क्विंटल का उठान हुआ है।

बात गेहूं की करें तो यहां की मंडी में वीरवार को दो गेट पास हुए और मात्र 42 क्विंटल ही फसल आई। जबकि आसौदा की मंडी में 60 टोकन जारी होने के बद किसान 4011 क्विंटल फसल लेकर पहुंचे। दोनों मंडियों में 4129.5 क्विंटल खरीद हुई।

यहां अभी तक 89592.5 क्विंटल खरीद हो चुकी है और उठान 68318.5 क्विंटल हुआ है।

# व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न


बहादुरगढ़। कैंप के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन हो गया। कैंप में शीतल, आयुषी, नीतू, सत्यम व शंकर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। दस दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों को 14 प्रकार की अलग-अलग एक्टिविटी सिखाई गई।

समारोह में भाजपा नेता सतपाल राठी, योजना प्रमुख प्रमोद आसरे, सूर्या के वेलफेयर इंचार्ज मनोज सोमवंशी, अभियान प्रमुख अजय सूर्यवंशी, जॉन प्रमुख पुरुषोत्तम आदि ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सतपाल राठी ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन समय-समय पर अनेक एक्टिविटी करता रहता है। फाउंडेशन बच्चों के उज्जवल भविष्य में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रमोद आसरे ने बताया कि कैंप में कबाड़ से जुगाड़, आर्ट एंड क्राफ्ट, चित्रकला, मिट्टी के खिलौने, मातृ पितृ सम्मेलन, शिक्षा में विज्ञान के प्रयोग, मानचित्र रीडिंग, सोशल मीडिया, ईको ब्रिक्स कार्यक्रम, सुलेख और पत्र लेखन, डायरी लेखन और कराटे मास पीटी आदि गतिविधियां करवाई गई। बेस्ट डायरी में प्रथम सन्नी, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आरुषि, कबाड़ से जुगाड़ बनाने में प्रथम अमृता आदि को पुरस्कृत किया गया। गोवा से जीतकर लौटे सोमवीर, पीयूष व पारस को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मौके पर इंचार्ज कंवल कुमार, अरुण राजपूत, विनोद व अवनीश आदि मौजूद रहे।

# नरेश ग्रामीण चौकीदार सभा के जिला प्रधान बने

झज्जर : ग्रामीण चौकीदार सभा की जिला इकाई का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में नरेश शाहपुर को प्रधान, रामजीवन को सचिव, राजेंद्र सुलौधा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस दौरान आयोजित जिला सम्मेलन में सीआईटीयू राज्य प्रधान सुरेखा, महासचिव जयभगवान, जिला प्रधान सरोज दुजाना, सचिव किरण, आशा वर्कर्स यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश, अनीता, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान जयपाल गुढ़ा ने शिरकत करते हुए बताया कि सरकार द्वारा पिछले लंबे समय से ग्रामीण चौकीदारों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा। यदि सरकार समय रहते उनकी मांगों का समाधान नहीं करती है तो वे आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर रामधारी, जयभगवान, दयाकिशन, राजेंद्र लकड़िया, श्रवण कुमार, ईश्वर, धर्मवीर, मंगत, जयपाल, बलराज आदि सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। चुनाव के दौरान एकत्रित ग्रामीण चौकीदार व सीआईटीयू पदाधिकारी।

### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व टिपर वाहनों के स्पीकरों में गूंज रहे वोट के महत्व के नारे

**झज्जर** : डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में जोशपूर्ण तरीके से जागरूकता अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जागरूकता के लिए ऑडियो क्लिप व गीत रिलीज किए हैं जिनकी जिले में सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जा रहा है व अनाउंसमेंट करवाई जा रही है।

■ लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में जोशपूर्ण तरीके से जागरूकता अभियान जारी

इसके अलावा शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को वाले टिपर वाहनों पर लगे लाउड स्पीकरों के माध्यम से भी चुनाव जागरूकता के गीतों को आमजन को सुनाया जा रहा है, ताकि वह अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित करते समिति सदस्य।

# प्राइमरी स्टूडेंट्स को गिफ्ट देकर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गानें, कविताएं और नृत्य आदि प्रस्तुतियां पेश की।

सार्थक सेवा समिति ने हर साल की तरह राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल तबेला में जाकर पिछली कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गानें, कविताएं और नृत्य आदि सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। कर्नल अनिल कुमार जून ने बच्चों में देश के प्रति प्रेम व जोश भरा। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने मुख्याध्यापक दिलबाग सिंह को बधाई देते हुए बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बच्चों को कापियां, पैंसिल, शार्पनर, रबर और कलर्स आदि दिए गए। इस मौके पर हरिचंद रोझा, विरेंद्र रोहिल्ला, सोमपाल दलाल, बीएस दहिया, सुमित्रा दहिया, उदय सिंह सैनी, आरके वशिष्ट, आरएन रंगा, महाबीर जांगड़ा, राजबाला व अंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सवारियां ढोने के लिए बसें कतार में लग जाती

# सड़क पर खड़े वाहनों से हो रही अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़ी ई-रिक्शा, बसें व अन्य सवारी वाहन।

सड़क पर वाहनों के अतिक्रमण/बेतरतीब पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रोहतक-दिल्ली रोड पर बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे भी हालात बिगड़े रहते हैं। सवारियां ढोने के लिए यहां दोनों तरफ कई-कई बसें कतार में लग जाती हैं। नजफगढ़ रोड, नाहरा-नाहरी रोड, झज्जर रोड व रेलवे रोड की एंट्री पर भी ई-रिक्शा अवरोधक बनकर खड़ी रहती हैं।

सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे बसों के साथ ही अन्य सवारी वाहन तथा ई-रिक्शा, ऑटो आदि का भी जमावड़ा लगा रहता है। सड़क सिकुड़कर आधी हो जाती है, जिस कारण यातायात प्रभावित हो जाता है। मुख्य मार्ग होने के चलते इस पर वाहनों का काफी दबाव रहता है लेकिन यहां हावी अव्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं लेती। अक्सर यहां पुलिस भी देखने को मिल जाती है लेकिन हालात ज्यों के त्यों बने रहते हैं। लोगों का कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक दोनों तरफ बस, टैक्सी, थ्रीव्हीलर, ई-रिक्शा आदि का जमावड़ा लगा रहता है। वाहन आड़े-तिरछे खड़े रहते हैं, जिस कारण जाम लग जाता है।

शहर में पुलिस भी चालान पर जोर देती है लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। केवल रोहतक-दिल्ली रोड ही नहीं, बल्कि अन्य सड़कों पर भी यही हाल है। पुलिस को इस दिशा में सख्ती बरतने की जरूरत है। वहीं वाहन चालकों को भी जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देना चाहिए।

### गौच्छी गांव से एसी चोरी

**झज्जर** : गौच्छी गांव में एसी चोरी होने का मामला सामने आया है। रेवाड़ी के सुलखा गांव निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में बतौर सुपरवाइजर तैनात है। उनकी कंपनी का एक टावर गौच्छी गांव में रणधीर के प्लाट में लगा है। जब बीती 22 अप्रैल को टावर का सर्वे कराया गया तो पता चला कि वहां से एक एसी चोरी हो गया।

**बेरी क्षेत्र में बिजली लाइन से तार चोरी** :पुलिस को दी शिकायत में बिजली निगम के बेरी उपमंडल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जब बीती 22 अप्रैल को एरिया इंचार्ज जेई अनिल कुमार द्वारा 33 केवी कलानौर से बेरी लाइन की पेट्रोलिंग की गई तो एडीएस फैक्ट्री के नजदीक बिजली लाइन का तार चोरी होना पाया गया।

# पार्क में नशेड़ियों के जमावड़े से लोगों परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। राव तुलाराम पार्क में बैठे नशेड़ी तत्व। फोटो : हरिभूमि

हरे-भरे पार्क लोगों की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन बहादुरगढ़ के कई पार्क नशेड़ियों के ठिकाने बने हैं। झज्जर चुंगी के नजदीक स्थित शहीद राव तुलाराम पार्क में भी ऐसे ही हालात बने हैं। दिनभर यहां नशेड़ी किस्म के लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। शाम के वक्त तो हालात गंभीर हो जाते हैं।

इस पार्क के साथ रिहायशी कॉलोनियां हैं। शुरु में जब पार्क बना तो यहां के काफी लोगों को लाभ हुआ। लेकिन अब नशेड़ियों का अड्डा बन जाने के कारण लोग इस पार्क में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसलिए इससे दूरी बनाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नजदीक ही शराब ठेका है। वहां से शराब लाकर नशेड़ी इस पार्क में सेवन करते हैं। इतना ही नहीं, गांजा सहित दूसरे नशे भी करते हैं। आपस में गाली-गलोच तथा झगड़ते हैं। यही वजह है कि इस पार्क की रौनक लगातार घटने लगी है।

ऐसे तत्वों की वजह के कारण यहां आपराधिक वारदात भी हो सकती है। हालांकि कई बार चौक पर पुलिस नजर आती है लेकिन कोई भी कर्मी अंदर पार्क की तरफ नहीं झांकता। यदि सख्ती बरती जाए तो यहां नशेड़ियों पर लगाम लग सकती है। इस हरे-भरे खूबसूरत पार्क में सुरक्षा की दरकार है। यदि यहां नशेड़ी तत्व न मंडराए तो आसपास के काफी लोगों को इस पार्क का लाभ मिल जाए।

खबर संक्षेप



## सैंट एंथोनी की 25 छात्राएं एनसीसी में चयनित

**बहादुरगढ़।** वीरवार को सैंट एंथोनी स्कूल में एनसीसी के 2024-25 सत्र के लिए छात्राओं का चयन हुआ। हरियाणा-2 गर्ल्स बटालियन एनसीसी रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यु, सूबेदार मेजर लाल चंद, सीनियर जीसीआई सरोज मलिक और हवलदार शिव कुमार की टीम ने छात्राओं का चयन किया। एनसीसी में शामिल होने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया के दौरान छात्राओं को तीन मुख्य चरणों से गुजरना पड़ा। उन्हें शारीरिक परीक्षा के साथ ही लिखित परीक्षा भी देनी पड़ी। एनसीसी में शामिल होने के लिए उम्र सीमा 13 वर्ष निर्धारित की गई थी, जिसमें कक्षा 8वीं व 9वीं की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सैंट एंथोनी स्कूल की 25 छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर नए सत्र में एनसीसी कैडेट बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। स्कूल निदेशक एडवोकेट भुवनेश सांगवान, प्रधानाचार्या सुमित्रा महला व अन्य शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

### पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति ने अपनी टीम के साथ सेवाएं दी

# दुजाना गांव में लगे शिविर में 240 ने कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

धनुर्धर धानक समाज जिला झज्जर व इंडियन जागृति मंच की ओर क्षेत्र के गांव दुजाना में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के सहयोग से गांव की धानक चौपाल में प्रातः दस बजे शुरू हुए इस शिविर में आयुष विभाग की पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति ने अपनी टीम के साथ सेवाएं दीं। आयोजक समिति सदस्य राजेंद्र सिंह फौजी ने बताया कि शिविर में आने वाले करीब 240 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टर ज्योति ने बताया कि दोपहर बाद करीब चार बजे तक चले इस शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने वालों में अधिकांश त्वचा रोग, एलर्जी, खांसी-जुकाम, जोड़ दर्द व नेत्र रोग आदि से संबंधित लोग शामिल रहे। इस दौरान जरुरतमंद लोगों को आयुष विभाग की ओर से निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस मौके पर इंडियन जागृति मंच के संस्थापक चैनसुख गुरहिया, बलराज सिंघल, धनुर्धर धानक समाज से महेंद्र सिंह ठेकेदार, पूर्णमल, नरेश इंदौरा, डब्बू इंदौरा, सुरेश मिस्त्री, ब्रह्मानंद इंदौरा, प्रवीण निनानिया, सेवानिवृत्त थानेदार नफेसिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### बिजली गुल होने के कारण रही परेशानी

स्वास्थ्य जांच शिविर के समय धर्मशाला में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बंद होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां चिकित्सकीय टीम का पसीने के कारण बुरा हाल रहा वहीं ग्रामीण भी अपनी स्वास्थ्य कराने के लिए पसीने से तर-बतर कतारबद्ध दिखाई दिए। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में बिजली आपूर्ति व्यवस्था का बुरा हाल है। सुबह शिविर शुरू होने के समय करीब दस बजे ही गांव में लाइट गुल हो गई थी जो देर शाम तक नहीं आई। ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर संबंधित अधिकारियों से भी दो घंटे के लिए बिजली आपूर्ति चालू करने की गुहार भी लगाई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# चौक नामकरण मामला सुलझा, महादेव दक्ष प्रजापति चौक नाम पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान अपनी बात रखते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

शहर के सांपला रोड पर बनाए गए दक्ष प्रजापति चौक विवाद मामला वीरवार देर सांय आखिर सुलझ ही गया। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा की उपस्थिति में दोनों पक्षों के मौजिज व्यक्तियों ने महादेव दक्ष प्रजापति के नाम पर चौक का नामाकरण करने की बात पर सहमति जताई। जिसके कारण दोनों पक्षों ने राहत की सांस ली और मिठाई बांटते हुए खुशी का इजहार किया। बता दें कि करीब दो वर्ष पहले शहर के सांपला मार्ग के चौक का नामकरण दक्ष प्रजापति चौक रखने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। लेकिन बाद में एक पार्षद द्वारा दक्ष प्रजापति चौक के पास ही महादेव चौक का बोर्ड लगा दिया था। जिसके कारण दोनों पक्षों में विवाद बन गया था। बाद में विवाद इतना बढ़ा कि प्रजापति समाज ने 24 अप्रैल तक मामले को सुलझाने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन 24 अप्रैल तक कोई समाधान नहीं होने पर वीरवार को प्रजापति समाज ने बैठक कर शुक्रवार को होने वाली सीएम रैली का विरोध करने और काले झंडे दिखाने का ऐलान कर दिया था।

## आरईडी के 15 विद्यार्थियों ने पाई जेईई मेंस में सफलता

**झज्जर :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा वीरवार को घोषित जेईईइमेंस परीक्षा के परिणामों में आरईडी संस्था के 15 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है। संस्था निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि विद्यालय की छात्रा पायल ने 98.54 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दुष्यंत ने 98.3, हरीश कुमार ने 98.18, आशमा ने 96.93, संगम सांगवान ने 96.94, निशांत ने 95.25, रश्मि ने 95.16, गौरव प्रताप सिंह ने 94.79, अंशिका ने 94.22, गौरव ने 93.62, रजिता ने 93.55, श्रीजापाल ने 93.29, चित्रल ने 89.24, अमन ने 88.74 व सन्नी ने 81.40 परसेंटाइल अंक हासिल किए।



## कैमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर चिराग और दिशांत ने दिखाई प्रतिभा


**झज्जर।** वीरवार को घोषित आईआईटी जेईई मेंस के परिणाम में संस्कारम विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। छात्र दिशांत ने 99.99 परसेंटाइल, चिराग ने 99.96 परसेंटाइल प्राप्त किए, जबकि 95 परसेंटाइल से ऊपर 11 विद्यार्थी और कुल 67 विद्यार्थी क्वालीफाई हुए। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम वर्तमान समय में सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं का हब बना हुआ है। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# जेईई मेन में आरपीएस के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर पाया

- राष्ट्र निर्माण में आरपीएस संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव
- जेईई, आईआईटी, नीट, एनडीए एवं क्लैट परीक्षा की तैयारी के लिए आरपीएस बना सर्वश्रेष्ठ हब : सीईओ इंजि. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पसेर्टाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की।

इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95, अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, जतिन यादव 99.43, अंकित 99.42, धवल 99.38, हर्ष 99.38, मुस्कान 99.35, हिमांशु तंवर 99.31, अक्षत 99.31, अमन 99.29, तनवी 99.28, दिपांक 99.19, यमन 99.17, प्रियांशी 99.17, पूजन भाद्वाज 99.16, हर्षित 99.12, धुर्वांशु 99.10, रूपक 99.05, मनमोहन शर्मा 99.03, सक्षम 99.01, तनुज 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आरपीएस के विद्यार्थी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। आरपीएस ग्रुप के सभी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर मंच प्रदान किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज क्षेत्र में होनहार प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

सिर्फ उन्हें सही समय पर उचित दिशा-निर्देश करके सही मंजिल पर ले जाने की जरूरत है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवाड़ी ने कहा कि आज संस्था प्रत्येक वर्ग के विद्यार्थियों की जरूरत के अनुसार मदद करके शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे ले जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप आज गरीब से गरीब परिवार का विद्यार्थी भी बुलंदियों को छू रहा है। आरपीएस संस्था सभी अभिभावकों के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है।

## कृष्ण लाल बने पंजाबी सभा सेवा समिति के प्रधान



**झज्जर।** स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में पंजाबी सभा सेवा समिति की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिक्का व डॉक्टर रवि किरण मदान की अध्यक्षता में पंडित कृष्ण लाल शर्मा को समाज की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। विनीत पोपली को पंजाबी धर्मशाला के प्रबंधक नियुक्त किया गया है। युवा मनोज शंटी तलवार के समर्पण को देखते हुए उन्हें पुनः युवा इकाई की बागडोर सौंपी गई हैं। निवर्तमान प्रधान पंडित गुलशन शर्मा को बिरादरी का संरक्षक नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपनी कार्यकारिणी का सभी की सहमति से विस्तार करने का अधिकार भी दिया गया है। बिरादरी के संरक्षण पूर्ण चंद सुनेजा, हंस राज गिरोत्रा, मदन लाल गिरोत्रा, सुमन खुराना, हरबंसल लाल पोपली, खरैती लाल अरोड़ा, वासुदेव भुटानी, राजेंद्र गिरोत्रा, सत जिंदा कल्याणा समिति के प्रधान हरीश पाहवा, अश्विनी पाहवा, अजय विज, मनोहर तनेजा, अंकुर खुराना, बिट्टू कमल गिरोत्रा सहित अन्य वरिष्ठ एवं युवा सदस्य मीटिंग में शामिल रहें।

# यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन के परिणामों में लहराया परचम

- वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का आगे चलकर आईआईटी एडवांस में भी अच्छा प्रदर्शन रहेगा
- यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि शैक्षणिक क्षेत्र में मेरी मनोइच्छा पूरी हो रही है। विद्यार्थी इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे




महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हिमांशु से बात करने पर उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी टॉप रैंकिंग आईआईटी से इंजीनियरिंग कर देश सेवा करना चाहता है। वहीं विशेष ने बताया कि वह कम्पयूटर साइंस लेकर तकनीकि क्षेत्र में कुछ नया करना चाहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92, अनुज 94.67, कंवरपाल 94.05, तनु 93.94, काजल 93.69, रीतिका 93.44, दीपक 93.42, साक्षी 93.33, विराट 93.13, निशांत 93.13, अंजलि 93.1, अमन 93.06, अर्चित 92.82, शुभम 92.61, मयंक 92.6, अनुज 92.58, रीतिका 92.43, सचिन 92.28, कोमल 92.15, आदित्य 92.06, खुशहाल 92 के नाम शामिल रहे। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यार्थी नीट, आईआईटी/जेईई, सीए, क्लेट, एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में सफलता की ऐसी अमिट छाप छोड़ते हैं।

# असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने पुलिस अधिकारियों, सभी थाना व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्धेनजर किसी भी स्थिति में जिले के हालात बिगड़ने नहीं दिए जाएंगे। किसी भी शरारती असामाजिक तत्वों को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रथम कार्य आमजन की सुरक्षा को सुनिश्चित करना रहता है। आमजन की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिला में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सभी गांव के सरपंचों तथा मौजूद लोगों से लगातार संपर्क रखा जा रहा है। प्रत्येक गांव व शहर में असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन, डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा, एसीपी शुभम सिंह, एसीपी अनिल कुमार, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी प्रदीप कुमार, एसीपी धर्मवीर, एसीपी अखिल कुमार, एसीपी गुलाब सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन।

## रेखाचित्र के माध्यम से दिया मलेरिया के प्रति जागरुकता का संदेश

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड मलेरिया-डे के अवसर पर भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने कक्षा बाहरवीं के विद्यार्थियों को साथ लेकर रंगोली के माध्यम से एक मच्छर का रेखाचित्र बनाकर जागरुकता का संदेश दिया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल के दिन विश्व भर में मलेरिया दिवस मनाया जाता है।



# एचडी के 42 विद्यार्थियों ने किया आईआईटी जेईई मेंस क्वालिफाई



झज्जर। एचडी साल्हावास के होनहार विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- छात्र अनिकेत ने 99 परसेंटाइल प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया

वीरवार को घोषित आईआईटी मेंस में एचडी वरिष्ठ माध्यमकि विद्यालय साल्हावास के 42 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 24 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र अनिकेत ने 99 परसेंटाइल प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा विवेक ने 98.7, हर्ष ने 98.5, अक्षित ने 96.1, अजय ने 96, परीक्षित ने 95.5 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने परीक्षा क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सरसों की 76 व गेहूं की 42 प्रतिशत फसल खरीद का हुआ उठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले की अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं और सरसों की खरीद सुचारू रूप से चल रही है ,अब तक 1.29 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 47 हजार 415.44 सरसों की खरीद की जा चुकी है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि मंडियों से अभी तक 41 हजार 307 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है जबकि खरीद की गई 36 हजार 217.83 मीट्रिक टन सरसों उपज का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 22 हजार 544 मीट्रिक टन, बादली अनाज मंडी में 7155 मीट्रिक टन, ढाकला अनाज मंडी में 4353 मीट्रिक टन, बेरी अनाज मंडी 22 हजार 133 मीट्रिक टन, मातनहेल अनाज मंडी से 12 हजार 751 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 15 हजार 27 मीट्रिक टन, छारा खरीद केंद्र पर 7872 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ अनाज मंडी पर 855 मीट्रिक टन तथा आसौदा खरीद केंद्र पर 7601 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। वहीं बहादुरगढ़ अनाज मंडी में 968.49 मीट्रिक टन, बेरी अनाज मंडी में 2691.95 मीट्रिक टन, मातनहेल अनाज मंडी में 10 हजार 228.25 मीट्रिक टन, झज्जर अनाज मंडी में 9 हजार 5.65 मीट्रिक टन तथा ढाकला अनाज मंडी में 7902.31 मीट्रिक टन सरसों की खरीद दर्ज की गई है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक।

स्वास्थ्य | नागरिक अस्पताल के जिला ट्रेनिंग हाल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# हीमोफीलिया जागरूकता पखवाड़े में किया जाएगा लोगों को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हीमोफीलिया पखवाड़े के अंतर्गत नागरिक अस्पताल के जिला ट्रेनिंग हाल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ डॉक्टर ब्रहमदीप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि हीमोफीलिया आमतौर पर एक वंशानुगत रक्तस्राव विकार है, जिसमें रक्त ठीक से नहीं जमता है। इससे सहज रक्तस्राव के साथ-साथ चोट या सर्जरी के बाद भी रक्तस्राव हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह बीमारी एक्स क्रोमोसोम से जुड़ी होती है। इस बात की 50 प्रतिशत संभावना है कि जिस लड़के की मां में हीमोफिलिया जीन है, वह भी हीमोफीलिया से प्रभावित होगा। जिला हीमोफीलिया नोडल अधिकारी डॉक्टर राहुल जाखड़ ने बताया कि कार्यक्रम में हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान जहां बाल विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक गोयल ने स्वास्थ्य कर्मियों को हीमोफीलिया बारे संक्षिप्त जानकारी दी वहीं एमएस डॉक्टर नरेश दहिया स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि वे आमजन को जागरुक करने की प्रतिज्ञा लें। इस मौके पर एसएमओ डॉक्टर अजय सिंगला, डॉक्टर प्रीति सचदेवा, डॉक्टर जसवंत, डॉक्टर विकास, डॉक्टर रितु, डॉक्टर रितेश, डॉक्टर सुशील वर्मा, जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, डीआईईसी मैनेजर अंजू सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह।

## ईवीएम व वीवीपेट की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न

**झज्जर।** वीरवार को लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम व वीवीपैट के प्रथम चरण के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ व जिले की चार विधानसभा के लिए ईवीएम आवंटित की गई। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में चुनाव आयोग के ऑब्जर्वर की मौजूदगी में ईवीएम रेंडमाइजेशन होगा।

# कॉलेज में डिफेंस स्टडीज विषय शुरू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में डिफेंस स्टडीज एसोसिएशन और ग्राम पंचायत दूबलधन की ओर से स्नातक स्तर पर डिफेंस स्टडीज विषय लागू करने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर मयंक मेहरा को ज्ञापन सौंप कर इसी सत्र से डिफेंस स्टडीज विषय शुरू करवाने की मांग रखी। एसोसिएशन सदस्य डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि सैन्य विज्ञान में शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र न केवल सेना में देश की सुरक्षा कर रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय हित के अन्य मोर्चो पर भी अपनी जवाबदेही तय करते हैं। आज विश्व के राष्ट्रों के ध्रुवीकरण के कारण वर्तमान में माहौल राष्ट्रीय सुरक्षा के ईद-गिर्द घूम रहा है। विश्व में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक चुनौती पूर्ण विषय बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी को समस्याएं बताते बजरंग सोनी व अन्य।

### सीएम से की प्रॉपर्टी आईडी को लेकर शिकायत

**बहादुरगढ़।** प्रॉपर्टी आईडी और एनडीसी के मामले में ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी, बजरंग सोनी व अन्य ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से दिल्ली आवास पर मुलाकात कर शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद अधिकारियों द्वारा बेवजह आमजन के चक्कर कटवाकर परेशान किया जा रहा है। वहीं नगर परिषद के बाहर बैठे एजेंट्स को सुविधा शुल्क दे दो, तो काम तुरंत हो जाता है। प्राइवेट स्कूलों की मान्यता के मामले में जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री से अनावश्यक पोर्टल बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन के कामों को लटकाने के लिए पोर्टल बंद होने का बहाना बना देते हैं।

### विधायक जून ने सुनीं जनसमस्याएं

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने वीरवार को अपने कार्यालय पर जनसमस्याएं सुनीं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली, पेयजल, सीवरेज, स्वास्थ्य विभाग, स्ट्रीट लाइट लगवाने सहित मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अन्य कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने सभी समस्याओं कोसंबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की हिदायत दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**झज्जर।** लुहारी गांव के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई। गुरूग्राम जिले के राजपुरा गांव निवासी विजयपाल ने बताया कि वीरवार की सुबह जब उसका पुत्र साहिल लुहारी वेयर हाऊस में ड्यूटी के लिए मोटरसाइकिल पर जा रहा था तो उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# दो महीने बाद भी हत्यारे नहीं पकड़े जाने से नफे सिंह का परिवार निराश

**खास बातें**

- केस अब तक सीबीआई को ट्रांसफर नहीं होने पर सवाल उठाते हुए आरोपियों का नार्को टेस्ट करवाने की मांग की
- 2 महीने बाद भी हत्यारे और साजिशकर्ता पकड़े नहीं जाने से उनके परिजन और समर्थक निराश




बहादुरगढ़। सरकार से सवाल करते नफे सिंह राठी के पुत्र जितेंद्र राठी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मुंबई में सलमान खान के घर के बाहर गोली चलती है तो एक दिन बाद ही आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के 2 महीने बाद भी हत्यारे और साजिशकर्ता पकड़े नहीं जाने से उनके परिजन और समर्थक निराश हैं। उनके पुत्र जितेंद्र राठी व भूपेंद्र राठी के अनुसार नामजद आरोपियों से सख्ती से पूछताछ हो और नार्को टेस्ट करवाया जाए तो वारदात का खुलासा हो जाएगा। वे पलायन करने को मजबूर हैं, क्योंकि बदमाश खुलेआम रुपए मांग रहे हैं। जितेंद्र ने कहा कि किसी भी हालात में नफे सिंह ने बहादुरगढ़ को नहीं छोड़ा और अब बहादुरगढ़ के लोग भी न्याय मिलने तक शासन-प्रशासन का पीछा नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर पार्षद मोहित राठी, शशि कुमार, रामनिवास सैनी, पप्पू कानोंदा, सूर्यकांत बोंदवाल, प्रदीप सिन्हा, सूरज सिंह, प्रवीण दलाल, राज वर्मा, कुलविंद्र सिंह व मयूर सैनी

**मामले को दबाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण**

*पार्षद जितेंद्र राठी का कहना है कि हरियाणा के कद्दावर नेता नफे सिंह राठी और जयकिशन दलाल की हत्या को दो महीने बीत चुके हैं। इस दौरान हुई गिरफ्तारी और पूछताछ में हुए खुलासे भी जनता के सामने नही आए हैं। अब तक मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौपी गई है। सत्ता का फायदा इस कदर नहीं उठाना चाहिए, इतने बड़े मामले को दबाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ में रविवार को हुई रैली के दौरान सीएम बदमाशों को नहीं छोड़ने का ऐलान कर रहे थे और उसी दिन एक उद्यमी से 3 बदमाश गाड़ी छीन ले गए। लगातार बढ़ रहे अपराध के कारण लोगों में भय बढ़ रहा है।*

**पार्षद ने पूछे पांच सवाल**

पहला सवाल : सीबीआई को अब तक केस ट्रांसफर क्यों नहीं किया गया है?
दूसरा सवाल : अब तक हत्याकांड के साजिशकर्ता के नाम का पदार्फाश क्यों नहीं हुआ है?
तीसरा सवाल: वारदात को अंजाम देने वाले शूटर अब तक क्यों नहीं पकड़े गए हैं?
चौथा सवाल: वारदात के समय इस्तेमाल किए गए हथियार भी अब तक बरामद नहीं हुए हैं?
पांचवां सवाल: एफआईआर में नामजद आरोपियों का नार्को टेस्ट क्यों नहीं करवाया गया है?

## गर्मी व हीट वेव से बचने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जारी की एडवाइजरी

# गर्मी का जोर पकड़ना शुरू, तापमान पहुंचा 38 डिग्री, नौनिहालों पर दिखने लगा असर

- स्कूलों में आउट डोर एक्टिविटी करवाना किया कम
- गर्मी से बेहाल होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

धीरे-धीरे गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। वीरवार को दिन का अधिकतम तामपान जहां 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री रहा। वहीं शुक्रवार की दोपहर तापमान में वृद्धि होने के आसार हैं। ऐसे में गर्मी का असर स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों खासकर नौनिहालों पर दिखाई देने लगा है। भरी दोपहरी में चिलचिलाती धूप में बच्चे स्कूल से आते हैं जिस कारण बीमार होने का खतरा भी होने लगा है। अब स्कूल संचालकों द्वारा भी धीरे-धीरे विद्यार्थियों की आउटडोर एक्टिविटी कम करना शुरू कर दी गई है। उधर, प्रशासनिक स्तर पर गर्मी व हीट वेव से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है।





झज्जर। मुखौटों की छांव में बैठकर स्वयं को गर्मी से बचाता किशोर व गर्मी से राहत पाने के लिए सिर पर कपड़ा ढंके मोटरसाइकिल सवार युवा।

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ने से तापमान में निरंतर बढ़ोतरी होगी। जिसके कारण संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए। उधर, बिजली निगम के अधिकारियों को अत्यधिक गर्मी के दौरान बिजली की कटौती ना करने के लिए कहा। पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों को पशुओं को लू से बचाने के लिए पशुपालकों के बीच जागरूकता पैदा करने की हिदायतें दी।

**गर्मी से बचने के लिए ये उपाय जरूरी**

स्थानीय नागरिक अस्पताल की चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रीति सचदेवा ने बताया कि अपने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए अभिभावकों को अभी से तैयारी करनी होगी। जहां तक संभव हो अभिभावक अपने बच्चों के स्कूल के बैग में पानी की बोतल रखते हुए उन्हें थोडे समय के अंतराल में पानी पीने के लिए प्रेरित करें। स्कूल जाने से पूर्व भी बच्चों को जूस, नींबू पानी या कोई अन्य शीतल पेय पिलाकर भेजें तथा स्कूल से लौटने के बाद भी उन्हें ग्लूकोज या अन्य पेय पदार्थ दें। इसके अलावा यदि स्कूल जाने के दौरान बच्चा बाइक या स्कूटर पर जाता है तो उसे कैप और चश्मा लगाने के लिए कहें तथा हो सके तो पूरी बाजू वाले कपडे पहनाएं। गर्मी से बेहाल होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं। कूलर या एसी में बैठने के बाद बच्चों को दोपहर में तुरंत गर्म हवा में घर से बाहर निकलने न दें। इसके अलावा मौसमी सब्जी खिलाने और बाहरी खाने के परहेज पर भी जोर देना जरूरी है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

# नहर में डूबे किशोर का शव अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से बरामद

- बीती 7 अप्रैल को रोहतक की नहर में नहाने गए अपने सगे भाई हिमांशु को बचाने के लिए नहर में उतरा था अनिकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बीती सात अप्रैल को नहर में डूबे किशोर का शव अकेहड़ी मदनपुर स्थित पंप हाऊस से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान रोहतक की न्यू जनता कॉलोनी निवासी करीब बारह वर्षीय अनिकेत पुत्र मोनू के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सात अप्रैल को अनिकेत अपने बडे. भाई हिमांशु व अन्य दोस्तों के साथ रोहतक क्षेत्र में गुजरने वाली नहर में नहाने के लिए गया था। इस दौरान जब हिमांशु नहर के तेज बहाव में डूबने लगा तो अनिकेत भी उसे बचाने के लिए नहर में उतर गया। इस हादसे में दोनों भाई नहर में डूब गए। बाद में रोहतक पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाकर चार दिन बाद ग्यारह अप्रैल को हिमांशु के शव को बरामद कर लिया था जबकि अनिकेत की तलाश की जा रही थी। अनिकेत का शव बुधवार की देर शाम अकेहड़ी मदनपुर पंप हाऊस से मिला। मृतक अनिकेत सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था।

मामले के जांच अधिकारी जोगेंद्र ने बताया कि क्षेत्र के अकेहड़ी मदनपुर पंप हाऊस से एक किशोर का शव मिला है। सूचना के बाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकलवाते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां परिजनों के पहुंचने पर मृतक के पिता मोनू के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अब पैरा फोर्स कैब चलाएंगे रिटायर्ड मिलिट्री व पैरामिलिट्री जवान

**बहादुरगढ़।** नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पैरा मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और अलाइंस आफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। एलाइंस महासचिव रणबीर सिंह ने बताया कि ओला उबर की तर्ज पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में जल्द ही पैरा फोर्स कैब टैक्सी दौड़ती नजर आएंगी। जिसके लिए रिटायर्ड सेना कर्मियों, पुलिस कर्मियों व पूर्व अर्धसैनिकों को ड्राइवर के तौर नौकरी दी जाएगी। आमजन भी पैरा फोर्स कैब में सुरक्षित महसूस करेंगे व कैब कप्तान को सम्मान मिलेगा। अलाइंस अध्यक्ष एचआर सिंह ने बताया कि शुरुआती तौर पर दिल्ली व हैदराबाद शहर में सेवाएं प्रदान करेंगे। कैब पैरा फोर्सेस ड्राइवरों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। मात्र साढ़े तीन चार साल के बाद टैक्सी कप्तान को गाड़ी का स्वामित्व मिल जाएगा। रिटायर्ड कर्मी इस योजना के तहत 800 से 1000 रुपए प्रतिदिन कमा सकेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# अब अनाजमंडी से सीधे रेल हेड झज्जर के रैक लदान में भेजा जाएगा गेहूं

- भारतीय खाद्य निगम आगार रोहतक द्वारा लैटर जारी कर झज्जर व मातनहेल मंडी से की 1700 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। झज्जर रेल हैड पर लगाई जा रही गेहूं की रैक लदान।

जिले की अनाजमंडियों में लगातार हो रही फसलों की आवक को देखते हुए उठान कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से अब खरीदे गए गेहूं का लदान सीधे ट्रेन में किया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम आगार रोहतक द्वारा इस संबंध में जिले की मंडियों में तैनात खरीद अधिकारियों को लेटर जारी कर रेल हेड झज्जर से गेहूं की रैक लदान का प्रस्ताव भेजा गया है। डिपो प्रबंधक जारी पत्र में जहां झज्जर मंडी से 1 हजार मीट्रिक टन गेहूं के लदान की आपूर्ति करने की बात कही गई है वहीं मातनहेल मंडी से भी 700 मीट्रिक टन गेहूं भिजवाने का पत्र जारी किया है। जारी पत्र में लिखा गया है कि 25 अप्रैल को रेल हेड झज्जर से गेहूं की रैक लदान प्रस्तावित है। इस संबंध में निर्धारित मानदंड के अनुसार गुणवत्ता वाले गेहूं की आपूर्ति की जाए। यदि इस संबंध में गेहूं की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है या खाद्यान्न उपलब्धता में देरी होती है तो रैक पर लगने वाले डेमरेज चार्ज की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की रहेगी।

**श्रमिकों की कमी से खाली नहीं हो रही थी गाड़ियां**

अनाजमंडी में निरंतर आवक के बाद उठान की धीमी गति के कारण किसान व आढ़तियों को परेशानी आ रही है। आढ़तियों का कहना है कि वे किसानों की फसल को श्रमिकों की सहायता से गोदाम में पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वहां गोदामों में श्रमिकों की कमी होने के कारण गाड़ियां समय पर खाली नहीं हो पा रही। इस समस्या के कारण किसानों की पेमेंट में भी देरी हो रही है। निश्चित समय पर पेमेंट न होने के कारण किसानों में रोष व्याप्त है।

# गाड़ी से टकराई बाइक तो महिला और उसके बेटे-भतीजे को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गाड़ी से बाइक टकराने के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। इस झगड़े में कुछ लोगों ने एक महिला व उसके बेटे तथा भतीजे पर हमला कर दिया। नुकीले हथियार से वार के चलते उनमें से एक युवक की हालत बिगड़ गई। उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस को दी शिकायत में जटवाड़ा की निवासी सुक्षम देवी ने कहा है कि गत 23 अप्रैल की शाम वह अपने बेटे के साथ सब्जी मंडी से खरीदारी करके घर लौट रही थी। लंबी गली के निकट पहुंचे तो हमारे आगे एक सफेद रंग की कार ब्रेकर पर बंद हो गई और पीछे सरक गई। ठीक पीछे हमारी बाइक थी। इस वजह से बाइक उस गाड़ी को छू गई। तभी उस कार में से एक अधेड़ आदमी और एक लड़का व कुछ औरतें बाहर निकली। आदमी और लड़के ने हमारे साथ गाली-गलोच की तथा मारपीट शुरू कर दी। मेरे साथ बदतमीजी भरा व्यवहार करते हुए जमीन पर धक्का दे दिया। मेरे बेटे ने पुलिस हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करनी चाही, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उस लड़के ने अपने कुछ और साथियों को बुला लिया। हम घबरा गए और मेरे बेटे ने मेरे भतीजे को सहायता के लिए बुला लिया। भतीजा आया तो उन हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की और नुकीले हथियार से उसके गर्दन पर चोट मारी। जिससे वह बुरी तरह से से घायल हो गया। भतीजे के गले से सोने की चेन भी तोड़ ली गई। आसपास लोग इकट्ठे होने लगे तो हमलावर धमकी देकर भाग गए। मेरे भतीजे का काफी खून बह गया। हम उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। जिसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली ले गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन युवकों पर नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

# दमकल विभाग में 9 दिन में 29 कॉल

- तपती गर्मी में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गर्मी लगातार बढ़ रही है और इस कारण खेतों तथा झाड़ियों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। बीते 9 दिनों में एचएसआईआईडीसी स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय आग लगने की सूचना संबंधित 9 कॉल आ चुकी हैं। विभाग की टीमें लगातार भागदौड़ कर रही हैं। बता दें कि बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र है। हर साल यहां फैक्ट्रियों में भी आग लगने की कई घटनाएं हो जाती हैं। गत 16 अप्रैल को घटनाओं में बढ़ोतरी शुरू हुई थी। इसके बाद आसौदा, भापड़ोदा, जसोरखेड़ी, लोहारहेड़ी, टांडाहेड़ी सहित अन्य गांवों के खेतों में आग लगी तो इधर शहरी क्षेत्र में झाड़ियों तथा खाली प्लॉटों में मौजूद कचरे में आग भड़कने की सूचनाएं विभाग को मिली हैं। अन्य केंद्रों में भी कई कॉल आई हैं। वीरवार को सेक्टर-17 ग्रीन बेल्ट तथा भापड़ोदा के पास घटनाएं हुई। सूचना पाकर टीमें मौके पर पहुंची। इस तरह से तपती गर्मी के बीच दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि दमकल कर्मियों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले अब खेतों में आग लगने की घटनाओं में गिरावट आई है। एक तो किसानों में जागरूकता बढ़ी है, दूसरा विभाग में भी संसाधन बढ़े हैं। कहीं हद तक कटाई कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन लोगों से अब भी अपील है कि खेतों के आसपास से गुजरे तो बीड़ी सिगरेट न पीएं। यदि कहीं आग सुलग जाए तो तुरंत सूचना दें।

# छारा में फंदा लगाने से विवाहिता की मौत

- मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया मारने का आरोप
- पति सहित छह ससुरालियों पर धारा 306, 34 के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाने से एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके पक्ष ने अपनी बेटी की मौत के लिए ससुरालियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन पर रुपयों के लिए प्रताड़ित करने तथा बेटी को मारने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर फिलहाल पुलिस ने पति, सास-ससुर सहित छह लोगों पर आईपीसी 34, 306 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा। मृतका की पहचान करीब 36 वर्षीय प्रमिला के रूप में हुई है। चरखी-दादरी जिले के गांव कलियाणा की बेटी थी और यहां गांव छारा में ब्याही हुई थी। बुधवार की देर शाम मांडोठी चौकी पुलिस को प्रमिला की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और एफएसएल टीम को भी बुलाया। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में रखवाया और मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमिला के मायके पक्ष को सूचित किया। मायके पक्ष के लोग जैसे ही यहां पहुंचे तो उन्होंने ससुरालियों पर गंभीर आरोप जड़े। इतना ही नहीं, उन्होंने पति सहित अन्य ससुरालियों पर रुपयों के लिए प्रमिला को मारने तक की बात भी कह डाली।

**2016 में हुई थी शादी**

*पुलिस को दी शिकायत में कलियाणा गांव के निवासी विजेंद्र ने कहा कि वर्ष 2016 में उन्होंने अपनी बेटी की शादी छारा गांव के निवासी नवीन के साथ कराई थी। तब अपने सामर्थ्य अनुसार बीस लाख रुपये तथा दस लाख के आभूषण उपहार में दिए थे। शादी के कुछ समय बाद ही प्रमिला के साथ बुरा बर्ताव किए जाने लगा। रुपयों की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई बार उनको समझाया लेकिन नहीं माने। बेटी का घर बसा रहे, इसलिए वह रुपये देते रहे। वर्ष 2022 में चार लाख और फिर 2023 में तीन लाख तथा प्लॉट के रुपये नकद दिए। अब दो-तीन दिन से प्रमिला का पति नवीन फौज से छुट्टी पर आया था। उन लोगों ने फिर से प्रमिला के साथ मारपीट की। मेरे बेटे की मंगेतर ने 24 अप्रैल की शाम पौने सात बजे उसके पास फोन किया तो रोने तथा मार-पीटने की आवाज आई।*

**बेड पर पड़ा था शव**

*यह जानकारी मिलने पर हम अपनी बेटी को लाने की तयारी करने लगे। इसी दौरान करीब साढ़े आठ बजे दामाद नवीन ने मेरे बेटों को फोन पर बताया कि हमने प्रमिला को मार दिया है। जब हम वहां पहुंचे तो बेटी की लाश बेड पर थी। सभी ने मिलकर बेटी को मारा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस ने बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। प्रमिला एक बेटे की मां थी। प्रारंभिक तौर पर ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर उसके द्वारा जान देने की बात सामने आई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असल कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस ने पति नवीन, सास-ससुर, जेठ-जेठानी ननद आदि छह नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।*